Done

कार्यालय–प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, भिण्ड (म0प्र0)

// आ दे श //

कमांक–585/तीन–13–1/2010 भिण्ड,दिनांक–07/12/2024

माननीय उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर के ज्ञापन कमांक–सी/3470/दो–15–42/94 जबलपुर, दिनांक–26 जुलाई 2019 के संलग्न प्राप्त मध्यप्रदेश राजपत्र दिनांकित–28.06.2019 सहपठित मध्यप्रदेश राज्य के जिला न्यायालय स्थापना (भर्ती तथा सेवा की शर्तें) नियम, 2016 के नियम–25 के आलोक में जिला स्थापना भिण्ड में गठित पदोन्नति समिति के प्रतिवेदन दिनांक–07.12.2024 में की गयी अनुशंसा के आधार पर, इस स्थापना पर पदस्थ चतुर्थ श्रेणी प्रवर्ग में भृत्य के पद पर पदस्थ निम्नलिखित कर्मचारी को सहायक ग्रेड–III के पद पर वेतनमान 5200–20200+ ग्रेड–पे 1900 म0प्र0 वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 के अन्तर्गत पे–मैट्रिक्स लेवल–4 (19500-62000) में दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि के अधीन, कार्यभार ग्रहण करने की दिनांक से दो वर्ष की अवधि में सूचना तकनीकी की अभिवृद्धि (MAP-I.T.) के लिये मध्यप्रदेश अधिकरण से C.P.C.T. Score Card परीक्षा तथा माननीय मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर के ज्ञापन कमांक–ए/3440, दिनांक–27.09.2018 के संलग्न म0प्र0 शासन, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल के परिपत्र कमांक–सी–3–18/1/3/2010 दिनांक–31.08.2010 एवं कमांक–सी/3–11/08/ 3/एक भोपाल दिनांक–12.06.09 में वर्णित संस्था से एक वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा परीक्षा उत्तीर्ण कर, **निर्धारित समयावधि में वांछित अर्हता प्रस्तुत न करने की दशा में उन्हें उनके मूल चतुर्थ श्रेणी के पद पर प्रत्यावर्तित कर दिया जावेगा**, की शर्त के साथ पदोन्नत किया जाता है :–

कमांक	शासकीय सेवक का नाम	वर्तमान पद	पदोन्नत पद
1	श्री अमित कुमार शर्मा	भृत्य	सहायक ग्रेड–तीन

नोटः– उपरोक्त कर्मचारी को निर्देशित किया जाता है कि वह पदोन्नत पद पर वेतन निर्धारण हेतु विकल्प पदोन्नति आदेश प्राप्ति की दिनांक से, 01 माह के अंदर निर्धारित प्रारूप पर विकल्प प्रस्तुत करें, एक बार दिया गया विकल्प अंतिम होगा। समयावधि में विकल्प प्रस्तुत न करने की दशा में पदोन्नत कर्मचारी का कार्यभार ग्रहण दिनांक से वेतन निर्धारण किया जावेगा।

Sd/-

(राजीव कुमार अयाची)
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
भिण्ड (म0प्र0)

Scanned with OKEN Scanner

पृष्ठांकन क्रमांक–6571/तीन–13–1/2010 भिण्ड,दिनांक–07/12/2024

1. न्यायालय–द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड मेहगांव की ओर सूचनार्थ एवं आदेश की प्रति संबंधित कर्मचारी को प्रदाय कराये जाने हेतु प्रेषित।
2. प्रभारी अधिकारी कार्यालय/नजारत अनुभाग भिण्ड/मेहगांव
3. संबंधित कर्मचारी श्री अमित कुमार शर्मा भृत्य, न्यायालय–जे.एम.एफ.सी. मेहगांव की ओर पालनार्थ प्रेषित।
4. जूनियर सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग भिण्ड की ओर सूचनार्थ एवं जिला न्यायालय भिण्ड की बेबसाईट पर अपलोड करने व संबंधित कर्मचारी की ओर ई–मेल के माध्यम से भेजे जाने हेतु प्रेषित।
5. लेखापाल/वेतन लिपिक, कार्यालय–प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, भिण्ड की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

7/12/24

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
भिण्ड (म0प्र0)

Scanned with OKEN Scanner